# –: कार्यालय :–
## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

Email –dfo-latehar@gov.in
Mobile No. – 8987790240
Pin Code - 829206


पत्रांक 1713 / लातेहार, दिनांक 18.07.2025 /

सेवा में,

महाप्रबंधक, (कोल माईनिंग)
पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लि0 पतरातु,
पो0–PTPS पतरातु, जिला–रामगढ़ (829119)।

विषय :– बनहरदी कोल ब्लॉक कुल रकबा 1467.42 हे0 के निमित कुल 515.32 हे0 वन भूमि (सुरक्षित वन भूमि–497.02 हे0 एवं जंगल–झाड़ी भूमि 18.30 हे0) के अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में की गयी पृच्छा के संबंध में।

प्रसंग :–
1. प्रस्ताव संख्या FP/JH/MIN/147316/2021
2. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पत्र दिनांक 30.09.2024
3. आपका पत्रांक 660 दिनांक 02.07.2025
4. प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची का पत्रांक 499 दिनांक 19.06.2025

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक पत्रों का अवलोकन करना चाहेंगे। उपर्युक्त विषयांकित परियोजना में सन्निहित वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के Stage-I स्वीकृति के क्रम में भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रासंगिक पत्र द्वारा कुल 27 बिन्दुओं पर पृच्छा की गयी थी। उक्त की गयी पृच्छा का निराकरण प्रतिवेदन आपके द्वारा समर्पित किया गया था, जिसे अधोहस्ताक्षरी द्वारा मंतव्य के साथ वरीय पदाधिकारी को अग्रसारित किया गया था। नोडल पदाधिकारी–सह–प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची के द्वारा चार बिन्दुओं पर पृच्छा की गयी थी जिसके आलोक में आपका पत्रांक 660 दिनांक 02.07.2025 द्वारा निराकरण प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। समर्पित निराकरण के संबंध में बिन्दुवार स्थिति निम्नवत है :–

01. कंडिका–01 (EDS Sl No.-09) में भारत सरकार द्वारा पृच्छा की गयी थी की 440 हे0 जिसे वर्तमान में Interim O.B. Dump के रूप में चिन्हित किया गया है एवं जिसे द्वितीय फेज में स्वीकृत Mining Plan के अनुसार कोयला का उत्खन्न करने के पूर्व Re-handle किया जायेगा, में कोयले का कुल कितना Mineable reserve होगा। इस संबंध में आपके द्वारा जो प्रतिवेदन समर्पित किया गया है वह काफी भ्रामक एवं अस्पष्ट है। अनुरोध है कि उक्त उल्लेखित 440 हे0 भूमि में कितना Minable Coal reserve है स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए साथ हीं यह भी उल्लेखित किया जाय कि उक्त Mineable

reserve दर्शाने का क्या आधार है? फेज–1 में माईनिंग के लिए प्रस्तावित 727.24 हे0 (वन भूमि 96.51 हे0, गैर वन भूमि–630.73 हे0) एवं Interim temporary O.B. Dump & Garland drain के लिए प्रस्तावित 448.28 हे0 (352.10 हे0 वन भूमि एवं 96.18 हे. गैर वन भूमि) जिसमें 2nd Phase में Mining करने का जिक्र है, में कुल कितना Mineable reserve है स्पष्ट रूप से अंकित करेंगे साथ हीं यह भी सूचित करेंगे कि Mineable reserve दर्शाने का क्या आधार है? यदि पूर्व में Exploration किया गया हो तो उसका पूर्ण विवरणी यथा Exploration area का Detail, बोरहोल की संख्या एवं KML File के साथ जिसमें वन भूमि एवं गैर वन भूमि दर्शाया गया हो समर्पित करेंगे।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि आपके द्वारा समर्पित प्रस्ताव में वन भूमि अपयोजन के निमित Component wise Land use details एवं Approved Mining Plan में उल्लेखित Component wise Land details में अंतर है। उदाहरण स्वरूप आपके द्वारा वन भूमि अपयोजन हेतु Component wise land use विवरणी के क्रम संख्या–02 पर 2nd Phase of Mining, Interim temporary O.B. dump एवं Garland drain के लिए समेकित रूप से 448.28 हे0 चिन्हित किया गया है परन्तु Approved Mining Plan के Component wise Land use details के क्रम संख्या–02 पर केवल Interim temporary O.B. dump 440.70 हे0 अंकित किया गया है। अतः वन भूमि अपयोजन हेतु Component wise land details के क्रम संख्या–02 पर अंकित विवरणी को स्पष्ट किया जाय कि कितने क्षेत्र में 2nd Phase of Mining एवं कितने क्षेत्र में Interim temporary O.B. dump एवं Garland drain रहेगा।

02. कंडिका–02 (EDS Sl No.-14) के संबंध में आपके द्वारा उल्लेखित किया गया कि Component wise/purpose wise वन भूमि के उपयोग के संबंध में PDF version Parivesh-1.0 पर लोड कर दिया गया है तथा KML file अपलोड करने का विकल्प नहीं रहने के कारण CD समर्पित की जा रही है। इस संबंध में सूचित करना है कि दिनांक 11.07.2025 को आपके साथ Parivesh-1.0 पर देखने पर Component wise/purpose wise वन भूमि के उपयोग के संबंध में PDF version नहीं पाया गया। आपके द्वारा समर्पित CD में Appendix-3 में Project area का KML file दिया गया है परन्तु उसमें Component wise/purpose wise वन भूमि एवं गैर वन भूमि का विवरणी अंकित नहीं है और ना हीं कोई Index समर्पित किया गया है।

03. कंडिका–03 (EDS Sl No.-17) के संबंध में सूचित करना है कि आपके द्वारा Appendix-4 में समर्पित KML File में मौजावार एवं कुल रकबा Land Schedule में अंकित रकबा के लगभग बराबर है परंतु संबंधित मौजा में Patch wise/Plot wise रकबा में काफी अंतर है। इस संबंध में संशोधित KML File समर्पित करेंगे।

04. कंडिका–04 (EDS Sl No.-21) के संबंध में सूचित करना है कि आपके द्वारा The Land use details at the end of mining life as per the approved mining के रूप में एक नक्शा समर्पित किया गया है इस संबंध में कोई लिखित विवरणी समर्पित नहीं की गयी है। नक्शे के Index में Land use (end of life) में 440.70 हे0 External dump/Surface dump (temporary) दर्शाया गया है परन्तु उसे 2nd Phase of mining के लिए वन भूमि अपयोजन

के निमित Component wise Land use में दर्शाया गया है। जिससे स्पष्ट होता है कि End of mining life में भी 440.70 हे0 जिसमें लगभग 352.10 हे0 वन भूमि शामिल है का उपयोग Surface dump के रूप में ही किया जायेगा। ज्ञातव्य हो कि Surface dump site specific activity नहीं है जिसके लिए वन भूमि का अपयोजन किया जाय। अतः इस संबंध में स्पष्ट प्रतिवेदन समर्पित किया जाय।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

17.7.25